पाठ 11. माँ की मीठी आवाज़ (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य अंतर-वैयक्तिक संबंध का कौशल विकसित करना है ताकि वे विभिन्न व्यक्तियों/प्राणियों से सकारात्मक तरीके से जुड़ने की समझ पैदा कर सकें। 'नानी याद आना' एक मुहावरा है लेकिन माँ की याद एक ऐसा अनुभव है जो मनुष्य की ही नहीं तमाम जीवधारियों की प्रकृति का अभिन्न अंग है। माँ की ममता ने ही हमें पाला-पोसा है। माँ की मीठी आवाज़ जीवन में संगीत, अर्थ और विश्वास भरने का काम करती है।

अध्यापन संकेत

यह कविता मौखिक पठन के लिए है। कविता अनुदित है इसलिए इसमें छंद का प्रवाह कई जगह टूट रहा है। अध्यापक थोड़े प्रयत्न के साथ इसके वाचन में सहयोग कर सकते हैं। यह अर्थग्रहण की बजाय अनुभव जगत से जुड़ने की संप्रेषणीय कविता है। कविता-वाचन के क्रम में बच्चों से माँ के प्रति उनके मीठे सुखद अनुभवों के बारे में चर्चा की जा सकती है।